## Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# डीडीहाट जिले की मांग को लेकर मुंसयारी व धारचूला के लोग होने लगे मुखर

आरोप

## सामाजिक संगठनों ने राज्य सरकार पर जिला गठन के नाम पर लगाया बरगलाने का आरोप

निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।

पिथौरागढ़। डीडीहाट जिले की मांग को लेकर डीडीहाट क्षेत्र की जनता का आंदोलन चौथे रोज भी जारी रहा। जानकारी के मुताबिक डीडीहाट जिला बनाओं यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि कागजों में तो 15 अगस्त 2011 को डीडीहाट को जिला घोषित कर दिया गया। मगर सरकार ने आजतक यहां पर प्रशासनिक इकाइयों का गठन तक नही किया। आंदोलन में अनशन पर बैटे ग्रमीणों ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा अब तक उन्हें डीडीहाट जिला बनाने के नाम पर बरगलाने की कोशिश की गई।

वही अब डीडीहाट जिला बनाओं बैनर के तले क्षेत्र के सामाजिक संगठनों ने अब आरपार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। आमरण अनशनकारियों के स्वास्थ्य में जहां गिरावट आने की सूचना मिल रही है वही इन आंदोलनकारियों के हौसलें फिर भी बुलंद है। अब धारचूला व मुंसयारी क्षेत्र की ग्रमीण जनता भी डीडीहाट जिला बनाओं की मांग को लेकर समर्थन में उतर आई है। ग्रम प्रधान संगठन के सदस्यों ने मीडिया को जानकारी दी है कि अब सभी गांवों के ग्रम प्रधान अपने अपने गांवों के प्रधानों को साथ लेकर डीडीहाट जिला बनाओं के बैनर तले आंदोलन में कूदने के लिए तैयार है। इसके लिए जब तक आदेश जारी नही हो जाता है सारे ग्रमप्रधान अपने–अपने स्तर से आंदोलन को सफल बनाने के लिए डीडीहाट आदोलन में मुस्तैद रहेगे। क्षेत्र की जनता ने कहा कि डीडीहाट के विकास के लिए डीडीहाट जिले का गठन होना आवश्यक है। डीडीहाट जिले की मांग के समर्थन में अब जौहार जनजाति संगठन की महिलाएं भी अपना समर्थन देने डीडीहाट जिला बनाओं आदोलन के लिए पूरी तरह तैयार हो चुकी है।




## न्यूज डायरी

### चारधाम में निर्धारित संख्या की बाध्यता एवं ई पास रजिस्ट्रेशन व्यवस्था समाप्त हो

**संवाददाता** देहरादून। संयुक्त मोर्चा पर्यटन उद्योग एवं चार धाम महासंघ के तत्वाधान में उत्तराखंड की पर्यटन से जुड़ी विभिन्न इकाइयों ने चार धाम यात्रा को लेकर यात्रियों को हो रही परेशानियों सरकारी कुप्रबंधन एव जटिल रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पर अपना विरोध दर्ज किया। संयुक्त मोर्चा पर्यटन उद्योग के संयोजक अभिषेक अहलूवालिया ने कहा कि सरकार निर्धारित संख्या की बाध्यता तुरंत हटाए एव ईपास की रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को तुरंत समाप्त करें। टैक्सी मैक्सी एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश भाटिया ने कहा ट्रिप कार्ड की बाध्यता तुरंत समाप्त की जाए, जिससे कि व्यवसाय को चलाने में कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं।

### तारा सुतारिया ने ओले पावर डुओ से हैशटैग ग्लोअप होने के लिए किया प्रोत्साहित

**संवाददाता** देहरादून। पिछले कुछ वर्षों में दुनिया बहुत तेजी से बदली है और ज्यादा से ज्यादा युवतियां वयस्क होती गई हैं। दफ्तर में बेहतरीन काम करने से लेकर घर चलाने तक, पैसा संभालने और अपने दम पर फैसले लेने तक आज महिलाएं इस चुनौती को स्वीकार कर रही हैं और इसमें आगे भी निकल रही हैं। इस सफर में उनके पांव रोकने वाली चुनौतियों के बाद भी महिला डरे बगैर आगे बढ़ रही हैं। लेकिन भागदौड़ भरी व्यस्त दिनचर्या का खमियाजा सबसे पहले उनकी त्वचा को उठाना पड़ता है। अभिनय से लेकर गायन और नृत्य तक कई हुनर में माहिर तारा सुतारिया को विनम्र शख्सियत और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी जाना जाता है।

### रेकिट के एनडीटीवी डेटॉल का 2026 तक सामाजिक प्रभाव को तीन गुना करने का लक्ष्य

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया की अग्रणी उपभोक्ता स्वास्थ्य और स्वच्छता कंपनी रेकिट और भारत का सबसे भरोसेमंद न्यूज नेटवर्क एनडीटीवी ने अपने प्रमुख कार्यक्रम एनडीटीवी डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के साथ, मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में अपनी यात्रा को स्वस्थ भारत से सम्पन्न भारत की ओर आगे बढ़ाने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में रेकिट के ग्लोबल सीईओ लक्ष्मण नरसिम्हन, बीएसआई – कार्यक्रम अम्बेस्डर अमिताभ बच्चन और कई गणमान व्यक्तियों, मशहूर हस्तियों और मंत्रियों ने कार्यक्रम की थीम– 'एक स्वास्थ्य, एक ग्रह, एक भविष्य' के साथ भारतीयों से एक स्वस्थ ग्रह, एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करने के लिए आह्वान किया। बीएसआई ने 2026 तक लगभग 4.7 करोड़ लोगों तक सीधी पहुंच के माध्यम से अपने प्रभाव को तीन गुना करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## भाजपा का सिपाही हूं, भाजपा के टिकट पर ही चुनाव लड़ूंगा

**संवाददाता** पुरोला। पूर्व विधायक भाजपा नेता राजेश जुवांठा ने कहा है कि भाजपा का सिपाही हूं और भाजपा के टिकट पर ही चुनाव लड़ूंगा। उन्होने कहा कि पुरोला से बने विधायक राजकुमार ने जनता को धोखा दिया है। उन्होने आरोप लगाया कि राजकुमार ने अपना व्यक्तिगत हित देखकर विधायक पद छोड़ा है उन्हे विधानसभा की जनता कभी भी माफ नही करेंगी।

पुरोला लोनिवि के गेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक राजेश जुवांठा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी उन्हे ही पुरोला विधानसभा से अपना प्रत्याशि बनाएंगी। उन्होने नाम न लेते हुए बताया कि भाजपा से तीन पूर्व विधायक टिकट की लाइन में है। एक पूर्व विधायक तो चार बार दल बदल चुका है। एक भ्रष्टाचार में लिप्त है। एक वे स्वयं है। उन्होने अपने विधायक के कार्यकाल में ईमानदारी से जनता की सेवा की। उन्होने कहा कि वे भाजपा के सिपाही है तथा भाजपा उन्हे ही यहां से टिकट देगी। भाजपा से टिकट न मिलने पर उन्होने कहा कि वे निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। उन्होने बताया कि कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के लोग भी उनसे सम्पर्क कर रहे है लेकिन वे किसी भी दल में शामिल नही होंगे। उन्होने कहा कि निवर्तमान विधायक राजकुमार ने चार बार दल बदले है। क्षेत्र की जनता उन्हे कभी भी माफ नही करेंगी क्योंकि उहोने लोंगो के साथ वादा खिलाफी की है। जनता ने उन्हे जिन उम्मीदो के साथ विधायक बनाया था वे उस पर खरे नही उतरे है।




### वैयक्तिक सहायक/वैयक्तिक अधिकारी महासंघ का द्विवार्षिक चुनाव हुए सम्पन्न

**संवाददाता** देहरादून। सोमवार को सिंचाई विभाग यमुना कॉलोनी, देहरादून के संघ भवन में उत्तराखण्ड वैयक्तिक सहायक/वैयक्तिक अधिकारी महासंघ का द्विवार्षिक चुनाव चन्द्र किरण वर्मा, राष्ट्रीय महासचिव, अखिल भारतीय स्टैनोग्राफर महासंघ की देख–रेख में सम्पन्न कराया गया, जिसमें सर्वसम्मति से विक्रम सिंह नेगी (युवा कल्याण विभाग) को प्रान्तीय अध्यक्ष एवं कुलदीप कुमार (ग्रामीण निर्माण विभाग) को प्रान्तीय निर्वाचित किया गया। निर्वाचित पदाधिकारी में, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन लाल सापरा,(राज्य कर) प्रान्तीय कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रावत(कृषि विभाग), अध्यक्ष (गढ़वाल मण्डल) मनोज भण्डारी (सिंचाई विभाग), अध्यक्ष (कुमॉयू मण्डल) मनोज पाण्डेय, (तकनीकी शिक्षा),उपाध्यक्ष (गढ़वाल मण्डल) दिनेश विष्ट (लघु सिंचाई), व कार्यकारिणी सदस्यों में श्रीमती सुमन जौहरी (लोनिवि), कु0 पिंकी डंगवाल (लोनिवि), वीएस चौहान (सिंचाई विभाग), अरविन्द जोशी (राज्य कर), बलवीर सिंह नेगी (स्वास्थ्य विभाग), शामिल रहें।

## बद्रीश कालोनी के लोगों का आरोप, पार्षद कर रही हैं जमीन कब्जाने की काशिश

### आक्रोशित लोगों ने लैंसडौन चौक पर फूका भाजपा पार्षद कमली भट्ट का पुतला

**संवाददाता** देहरादून। राजीव नगर बद्रीश कालोनी के रहने वाले विनोद कुमार के नेतृत्व में सैकडों स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए स्थानीय पार्षद कमली भट्ट का पुतला दहन किया। स्थानीय निवासी विनोद कुमार के नेतृत्व में बुद्धा चौक पर एकत्र हुए लोग रैली के रूप में लैंसडौन चौक तक पहुंचे। भाजपा के झंडे हाथ में लेकर चल रहे लोगों ने रायपुर विधायक उमेश शर्मा काउ, राजपुर विधायक खजान दास, मेयर सुनील उनियाल गामा, के जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। इसके साथ ही भाजपा पार्षद कमली भट्ट मुर्दाबाद के नारे भी लोग लगा रहे थे। लैंसडौन चौक पहुंच कर विनोद कुमार के नेतृत्व में आये लोगों ने भाजपा पार्षद कमली भट्ट व भाजपा नेता अतुल शर्मा पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शन करने वालों में विनोद कुमार, निर्मला, उषा देवी, शालू, बबीता, पुष्पा, अनूप, राजेश, पंडित जी, किशोर, राम सिंह, धनी राम सहित बड़ी संख्या में युवा, महिला व पुरुष मौजूद थे।

प्रदर्शनकारी निर्मला, उषा देवी, ने कहा कि हमने 2 साल पहले विनोद कुमार से जमीन ली है लेकिन पार्षद कमली भट्ट हमें परेशान कर रही है। वह हम सब लोगों को डराने धमकाने व गुमराह करने के साथ वहां से भगाने का लगातार प्रयास कर रही है।

जमीन मालिक विनाद कुमार ने कहा उनकी डाण्डा धर्मपुर, बद्रीश कालोनी में जमीन है। जिसमें कुछ लोग रहते हैं तथा कुछ जमीन खाली है जिसे भाजपा पार्षद कमली भट्ट व अतुल शर्मा उनसे स्थानीय जनप्रतिनिधि होने के नाते 350 गज जमीन फ्री में मांग रहे हैं। मेरे द्वारा मना करने पर पार्षद कमली भट्ट, भाजपा नेता अतुल शर्मा व उनके अन्य सहयोगियों द्वारा मेरे साथ मारपीट कर जबरदस्ती मेरी जमीन पर कब्जा किया गया। जिसका वहां रहने वाले लोगों ने भी विरोध किया लेकिन उन्हें डरा धमकाकर चुप करा दिया गया। जिसे मेरी शिकायत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा हटा दिया गया।

## कोविड की चुनौती से निपटने वाले व्यवसायों की सराहना की

**संवाददाता** देहरादून। शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएसएफबी) ने उन व्यवसायों की पहचान करने और उनको सुविधा प्रदान करने के लिए एक अभियान की घोषणा की, जो सहारनपुर में कोविड–19 की चुनौती से निपटने की मुहिम में अग्रिम पंक्ति में हैं, जैसे मेडिकल स्टोर, किराना स्टोर, डेयरी, फलों एवं सब्जियों की दुकानों और व्यापारी। बैंक का मानना है कि रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की डिलिवरी करने वाले इन व्यवसायों को महामारी से लड़ने वाले योद्धाओं के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए, क्योंकि ये सभी महामारी फैलने के बाद से कोविड–19 के खिलाफ अथक संघर्ष कर रहे हैं। इस पहल के बारे में बताते हुए, सुवीर कुमार गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा कि "कोविड–19 महामारी के फैलने और उसके बाद लगे लॉकडाउन ने सभी के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा कर दी थी। हर दिन हम ऐसे लोगों से मिलते रहे जिनके पास आवश्यक चीजों की कमी होती जा रही थी।